# आकाशवाणी शिमला

## 24.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

**मुख्य समाचार**

- **केन्द्र ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट के तहत दर और मूल्य सीमा को किया बहाल।**
- **पैट्रोल और डीजल पर सेस से जुड़े मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने–सामने, सरकार ने इस फैसले को कमजोर वर्ग के हित में जबकि विपक्ष ने आम आदमी पर बताया बोझ ।**
- **विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामे के आसार–बजट अनुमान पर होगी चर्चा।**
- **प्रदेश सरकार दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध।**
- **चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना, मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता।**

**सरकार–निर्यातक**

केंद्र सरकार ने आज से निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट के तहत दर और मूल्य सीमा को बहाल कर दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि पश्चिम एशिया में व्यापार व्यवधानों के बीच निर्यातकों को समर्थन देने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि बहाल दरें वही होंगी जो इस वर्ष 22 फरवरी से लागू हुई थीं। इस कदम का उद्देश्य खाड़ी और पश्चिम एशिया समुद्री गलियारे में व्यवधानों के कारण बढ़ी माल ढुलाई लागत और युद्ध संबंधी व्यापार जोखिमों का सामना कर रहे भारतीय निर्यातकों को समय पर सहायता प्रदान करना है।

**सेस बिल**

प्रदेश विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पैट्रोल व डीजल पर विधवा और अनाथ सेस से जुड़ा संशोधन विधेयक बीते कल ध्वनिमत से पारित हो गया है। सरकार ने मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम 2005 में संशोधन कर विपक्ष के कड़े विरोध के बावजूद इस बिल को पास किया। विपक्ष ने मुख्यमंत्री से बिल वापिस लेने की मांग की लेकिन सरकार ने विपक्ष की मांग को नकारते हुए ये बिल पारित कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के कमजोर वर्ग को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि सेस के बावजूद भी हिमाचल प्रदेश में पैट्रोल व डीजल की कीमतें हरियाणा और पंजाब से कम रहेंगी।

वहीं विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस फैसले को प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि नया सेस लगाने से तेल की कीमतें पांच रूपए प्रति लीटर की दर से बढ़ने के बाद इनकी कीमतें पड़ोसी राज्यों से अधिक हो जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अनाथ और विधवा की आड़ में जनता पर बोझ डालकर सरकार चलाने का रास्ता ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि इसका असर न केवल किसान व आम आदमी पर पड़ेगा बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों पर भी दिखेगा।

**विधानसभा बजट सत्र**

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके अलावा अन्य विधायी कार्यों के अलावा बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा भी होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

**शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश संरचना विकास बोर्ड शिमला के 24वें वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सभापटल पर रखेंगे। वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट और लेखा कथन रिपोर्ट वर्ष 2024–25 की प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके साथ–साथ विभिन्न समितियों के सभापति प्रतिवेदनों की प्रतियां सभापटल पर रखेंगे। इसके बाद सदन में वित्तीय**

**वर्ष 2026–27 के लिए बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा होगी। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।**

**स्वास्थ्य सुविधा**

राज्य सरकार दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर–द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से करसोग क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल सामने आई है। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा को साकार करते हुए नागरिक चिकित्सालय करसोग में खाली पड़े रेडियोलॉजिस्ट के पद को भरने के साथ–साथ अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा भी शुरू हो गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट....

**प्रदेश सरकार दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसी उद्देश्य के तहत करसोग से एक सकारात्मक पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणा को साकार रूप देते हुए नागरिक चिकित्सालय करसोग में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर दी गई है, जिसके साथ ही अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा भी शुरू हो गई है। इस सुविधा के आरंभ होने से अब करसोग और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए मंडी, शिमला या निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 25 से 30 मरीज इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। नागरिक चिकित्सालय में पहले से ही मेडिसन, गायनी, सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, डेंटल, मनोरोग और शिशु रोग विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं, जिससे अब एक ही स्थान पर व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान के अनुसार, यह सुविधा लंबे समय से क्षेत्र की जरूरत थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है।**

**पंचायत चुनाव**

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी में संलिप्त लोग अब पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस मामले में पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है। पंचायत चुनाव से पहले इस विधेयक को विधानसभा में लाया जा रहा है जिसके पारित होने के बाद राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही नया कानून अस्तित्व में आ जाएगा। नशे खासतौर पर चिट्टे के खिलाफ ये पहल राज्य सरकार की नशे पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

**चैत्र नवरात्रे**

चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। इन दिनों मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और लोग पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्रों के दौरान चंबा में वर्षों से एक परिवार मां काली की आकर्षक मूर्तियां तैयार करता है जिन्हें नवरात्रों के दौरान विभिन्न मंदिरों में स्थापित किया जाता है। इस बार भी चंबा शहर के चमेशनी मोहल्ले की लता ने अपने दिवंगत पिता पूर्ण चंद की विरासत को संजोत हुए इन मूर्तियों को कड़ी मेहनत से तैयार किया है। लता ने आकाशवाणी से बात करते हुए कहा कि लोगों के आग्रह और पिता की याद में उन्होंने इस कला की ओर लौटने का फैसला लिया।

**भू–स्खलन**

जिला किन्नौर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच पर शौंगथॉन्ग क्षेत्र में भू–स्खलन और पत्थर गिरने से सड़क पूरी तरह अवरूद्ध हो गई है। मार्ग बंद होने से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और मलबा हटाने के लिए जल्द ही मशीनरी लगाई जाएगी। इस बीच शिलती वैकल्पिक सड़क मार्ग भी बंद हो गया है जिससे क्षेत्र में यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग पर फिलहाल यात्रा न करने की अपील की है।

**मौसम**

बदले मौसम के बीच बीते कल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि और हिमपात हुआ जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश की फूहार आई। हालांकि आज अधिकतर क्षेत्रों में मौसम साफ बना हुआ है और सुबह की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। जिला लाहौल स्पीति में आसमान पर आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ बना रहेगा।

**एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर**

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा के बजट सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **हंगामे के बीच पेट्रोल–डीजल पर 5 रूपये सेस लगाने का विधेयक पारित।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **बैक डेट से रेगुलर होंगे अनुबंध कर्मचारी, 2024 से मिलेगा लाभ।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **चिट्टे की तस्करी में संलिप्त नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव।** दैनिक जागरण के अनुसार **चिट्टे का केस हुआ तो नहीं लड़ सकेंगे स्थानीय निकाय चुनाव।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **लाहौल स्पीति और कुल्लू मनाली की चोटियां फिर बर्फ से हुई सफेद–दो दिन साफ रहेगा मौसम, 26 को फिर करवट बदलेगा।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- केन्द्र ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट के तहत दर और मूल्य सीमा को किया बहाल।

- पैट्रोल और डीजल पर सेस से जुड़े मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने–सामने, सरकार ने इस फैसले को कमजोर वर्ग के हित में जबकि विपक्ष ने आम आदमी पर बताया बोझ ।

- विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामे के आसार–बजट अनुमान पर होगी चर्चा।

- प्रदेश सरकार दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध।

- चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना, मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता।